32-33/2024

**Booklet Serial No.**

2904177

पुस्तिका शृंखला

**R**

# 22/AE/CM/M–2024-02

## प्रश्न–पुस्तिका

## सामान्य हिन्दी

## पत्र – II

उम्मीदवार का अनुक्रमांक

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

**समय : 01 घण्टा** **पूर्णांक : 100**

**प्रश्नों के उत्तर देने से पहले नीचे लिखे अनुदेशों को ध्यान से पढ़ लें ।**

## महत्त्वपूर्ण अनुदेश

1. इस प्रश्न पुस्तिका में कुल **50** प्रश्न हैं ।
2. **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं ।
3. **सभी** प्रश्नों के उत्तर दें ।
4. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए आपको उत्तर पत्रक प्रश्न पुस्तिका के अन्दर दिया गया है । **अपने उत्तर पत्रक के निर्धारित स्थान में अपना अनुक्रमांक लिखें एवं कूटबद्ध करें तथा अन्य विवरण अवश्य लिखें अन्यथा आपका उत्तर पत्रक जाँचा नहीं जायेगा ।**
5. **परीक्षा आरम्भ होते ही आप अपनी प्रश्न–पुस्तिका एवं संलग्न उत्तर पुस्तिका की जाँच कर देख लें कि प्रश्न पुस्तिका के ऊपर बायीं ओर मुद्रित शृंखला एवं उत्तर पुस्तिका पर मुद्रित शृंखला समान है । कृपया यह भी जाँच लें कि पुस्तिका में रफ कार्य हेतु दो पृष्ठ (पृष्ठ सं. 11 और 12) सहित पूरे 12 मुद्रित पृष्ठ हैं और कोई प्रश्न या पृष्ठ बिना छपा हुआ या फटा हुआ या दोबारा आया हुआ या प्रश्न–पुस्तिका एवं उत्तर पुस्तिका में मुद्रित शृंखला में अन्तर तो नहीं है । पुस्तिका एवं संलग्न उत्तर पुस्तिका में किसी प्रकार की त्रुटि पाने पर तत्काल इसके बदले इसी शृंखला की दूसरी सही पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. पत्रिका ले लें ।**
6. इस पृष्ठ के ऊपर निर्धारित स्थान में अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें । प्रश्न–पुस्तिका पर और कुछ न लिखें ।
7. इस प्रश्न–पुस्तिका में सभी प्रश्न और उनके उत्तर हिन्दी में मुद्रित हैं । प्रत्येक प्रश्न के **चार** उत्तर — (A), (B), (C) और (D) क्रम पर दिये गये हैं । उनमें से आप सबसे सही **केवल एक** उत्तर को चुनें और अपने उत्तर पत्रक पर अंकित करें । यदि आपको ऐसा लगे कि किसी प्रश्न के एक से अधिक उत्तर सही हैं, तो आप अपने उत्तर पत्रक में उस उत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे । प्रत्येक प्रश्न के लिए **केवल एक** ही उत्तर चुनना है । आपका कुल प्राप्तांक आपके द्वारा उत्तर पत्रक में अंकित सही उत्तरों पर निर्भर होगा ।
8. उत्तर पत्रक में प्रत्येक प्रश्न संख्या के सामने **चार** वृत्त इस प्रकार बने हुए हैं — Ⓐ, Ⓑ, Ⓒ और Ⓓ । प्रश्नों के उत्तर देने के लिए आपको अपनी पसन्द के **केवल एक** वृत्त को **काली/नीली स्याही के बॉल–पॉइन्ट पेन** से चिह्नित करना है । प्रत्येक प्रश्न के लिए केवल एक उत्तर को चुनें और उसे अपने उत्तर पत्रक में चिह्नित करें । आप उत्तर पत्रक में यदि एक प्रश्न के लिए एक से अधिक वृत्त में निशान लगाते हैं, तो आपका उत्तर गलत माना जायेगा । **उत्तर पत्रक में उत्तर को चिह्नित करने के लिए केवल काली/नीली स्याही के बॉल–पॉइन्ट पेन का ही प्रयोग करें । किसी भी प्रकार का काट–कूट अथवा परिवर्तन मान्य नहीं है ।**
9. प्रश्न–पुस्तिका से कोई पन्ना फाड़ना या अलग करना मना है । प्रश्न–पुस्तिका और उत्तर पत्रक को परीक्षा की अवधि में परीक्षा भवन से बाहर कदापि न ले जायें । **परीक्षा के समापन पर उत्तर पत्रक वीक्षक को अवश्य सौंप दें ।** उसके बाद आपको अपनी प्रश्न–पुस्तिका अपने साथ ले जाने की अनुमति है ।
10. ऊपर के अनुदेशों में से किसी एक का भी पालन नहीं करने पर आप पर आयोग के विवेकानुसार कार्रवाई की जा सकती है अथवा आपको दण्ड दिया जा सकता है ।
11. अभ्यर्थी उत्तर पत्रक को अपनी उपस्थिति में Self Adhesive LDPE Bag में पूरी तरह से पैक/सील करवाने के उपरांत ही परीक्षा कक्ष को छोड़ें ।

**निर्देश (प्रश्न संख्या 1 से 5 तक) :** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दिए गए चार विकल्पों में से सही विकल्प का चयन करके उत्तर पत्रक में चिह्नित कीजिए ।

जो पुरुष फल की कामना रखकर काम आरंभ करते हैं, उन्हें फल जब निकट होता है, तब उनका उत्साह बढ़ जाता है और जब उन्हें फल दूर ज्ञात होता है तब उनका उत्साह कम हो जाता है । इस प्रकार उनके उत्साह में निरंतर अंतर आता रहता है । इसके विपरीत जो पुरुष फल की इच्छा न रखकर केवल काम करने को ही अपना कर्त्तव्य मानकर काम करने में जुट जाते हैं, उन्हें अपनी असफलता पर कोई दु:ख नहीं होता और इस प्रकार उनके उत्साह में कोई अंतर नहीं आता और वह सदा एक–सा रहता है । इसलिए जब फल को चाहने वाले व्यक्ति को असफलता मिलती है तब वह दु:खी होता है और कर्म करने को ही अपना कर्त्तव्य मानकर कर्म करने वाले उत्साही को असफलता मिलती है, वह दु:खी नहीं होता और केवल उसकी वही दशा हो जाती है जो काम आरंभ करते समय थी । इस प्रकार यह निष्कर्ष निकलता है कि दूसरे प्रकार के मनुष्यों का उत्साह ही सच्चा उत्साह है और पहले प्रकार के मनुष्यों का उत्साह वास्तविक उत्साह नहीं है, वह भी एक प्रकार का लोभ कहा जा सकता है । जिस प्रकार लोभी मनुष्य को अपने उद्देश्य के न प्राप्त होने पर दु:ख होता है, उसी प्रकार इन लोगों को भी असफल होने पर दु:ख की प्राप्ति होती है । अत: इस उत्साह को लोभ कहना ही उचित है ।

**1.** सफल या असफल होने पर किसके उत्साह में कोई अंतर **नहीं** आता

(A) सच्चे उत्साही में

(B) मेहनती मनुष्य में

(C) फलासक्त उत्साही में

(D) लोभयुक्त उत्साही में

**2.** उद्देश्य की प्राप्ति न होने पर कौन दु:खी होता है ?

(A) उत्साही मनुष्य

(B) मेहनती मनुष्य

(C) लोभी मनुष्य

(D) आलसी मनुष्य

3. किन लोगों को अपनी असफलता पर दुःख **नहीं** होता ?

(A) जो मनोरंजन के लिए काम करते हैं

(B) जो फल की कामना से काम करते हैं

(C) जो मज़बूरी में काम करते हैं

(D) जो कर्त्तव्य भाव से काम करते हैं

4. फल निकट आने पर किसका उत्साह बढ़ जाता है ?

(A) जो बेमन से काम करते हैं

(B) जो उत्साह से काम करते हैं

(C) जो फल की कामना से काम करते हैं

(D) जो कर्मासक्त भाव से काम करते हैं

5. उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक होगा

(A) कर्म और लोभ

(B) उत्साह

(C) असफलता और सफलता

(D) कर्त्तव्य

**निर्देश (प्रश्न संख्या 6 से 10 तक) :** निम्नलिखित अशुद्ध शब्दों के लिए दिये गये चार विकल्पों में से कोई एक शुद्ध शब्द चुनकर उत्तर पत्रक में चिह्नित कीजिए ।

6. प्रमाणिक

(A) परमाणिक

(B) प्रामाणिक

(C) प्रामाणीक

(D) प्रामणिक

7. प्रज्ज्वलित

(A) प्रज्वलीत

(B) प्रज्वलित

(C) प्रज्ज्वलित्

(D) प्रज्ज्वलीत

8. चारदीवारी

(A) चाहारदिवारी

(B) चारदीवार

(C) चहारदीवारी

(D) चारदिवारी

9. पांचवां

(A) पाँचवाँ

(B) पांचवाँ

(C) पाँचवां

(D) पाँचवा

10. पुरष्कार

(A) पुरषकार

(B) पुरुष्कार

(C) पुरसकार

(D) पुरस्कार

**निर्देश (प्रश्न संख्या 11 से 15 तक) :** निम्नलिखित मुहावरों के लिए चार विकल्पों में से अर्थ की दृष्टि से सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर उत्तर पत्रक में चिह्नित कीजिए ।

11. उँगली उठाना

(A) व्यर्थ की बातें करना

(B) निंदा करना

(C) विरोध प्रकट करना

(D) इशारा करना

12. कुछ उठा न रखना

(A) कोई कसर न छोड़ना

(B) जिम्मेदारियाँ पूरी कर लेना

(C) घटिया काम करना

(D) विपत्ति में पड़ना

13. कन्नी काटना

(A) कतराकर निकल जाना

(B) धोखा देना

(C) सब भेद खोल देना

(D) अड़चनें पैदा करना

14. अपना उल्लू सीधा करना

(A) अपनी दशा से संतुष्ट रहना

(B) अपना मतलब निकालना

(C) केवल अपना सहारा लेकर जीना

(D) अपनी ही बातें करना

15. दाई से पेट छिपाना

(A) बड़ों से गरीबी छिपाना

(B) मूर्ख बनाकर ठग लेना

(C) जानकार से बात छिपाना

(D) क्रोध रोक लेना

29041177 29041177 29041177 29041177 29041177

**निर्देश (प्रश्न संख्या 16 से 20 तक) :** निम्नलिखित तद्भव शब्दों के लिए दिए गए चार विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त तत्सम शब्द वाले विकल्प को चुनकर उत्तर पत्रक में चिह्नित कीजिए ।

16. खेत

(A) क्षोदन

(B) क्षेत्र

(C) खेत

(D) क्षेत्रि

17. काढ़ा

(A) काष्ठा

(B) काश्ता

(C) कटुक

(D) क्वाथ

18. अँगूठा

(A) अनुत्थ

(B) अंगुष्ट

(C) आर्द्रक

(D) अंगुष्ठ

19. पापड़

(A) पिष्ठिका

(B) प्रापण

(C) पर्पट

(D) पिषण

20. चना

(A) चणक

(B) चक्र

(C) चांच

(D) चर्वण

**निर्देश (प्रश्न संख्या 21 से 30 तक) :** निम्नलिखित अशुद्ध वाक्यों के लिए दिए गए चार विकल्पों में से शुद्ध वाक्य वाले विकल्प को चुनकर उत्तर पत्रक में चिह्नित कीजिए ।

21. उसे कह दो कि भाग जाय ।

(A) भाग जाय कह दो उससे ।

(B) कह दो उसे कि भाग जाय ।

(C) कहो उसे कि भाग जाय ।

(D) उससे कह दो कि भाग जाय ।

29041177 29041177 29041177 29041177 29041177

22. आपके एक-एक शब्द तुले हुए थे ।

(A) आपके एक-एक शब्द तुले हुऐ थे ।

(B) आपका एक-एक शब्द तूला हुआ था ।

(C) आपका एक-एक शब्द तुला हुआ था ।

(D) आपकी एक-एक शब्द तुला हुआ था ।

23. साहित्य और जीवन का घोर संबंध है ।

(A) साहित्य और जीवन का घनिष्ट संबंध है ।

(B) साहित्य और जीवन का घनिष्ठ संबंध है ।

(C) साहित्य और जीवन का विकट संबंध है ।

(D) साहित्य और जीवन का घनघोर संबंध है ।

24. वे सब काल-चक्र के पहिये के नीचे पिस गये ।

(A) वे सब काल-चक्र के नीचे पिस गये ।

(B) पिस गए वे सब काल-चक्र के पहिया से ।

(C) वे सब कालचक्र के पहिये के नीचे दब गये ।

(D) सब वे काल-चक्र के पहिये से पिस गए ।

25. यद्यपि वह पढ़ा लिखा है, परन्तु मूर्खता के कार्य करता है ।

(A) यद्यपि वह पढ़ा लिखा है फिर भी मूर्खता के कार्य करता है ।

(B) यद्यपि वह पढ़ा लिखा है लेकिन मूर्खता का कार्य करता है ।

(C) यद्यपि वह पढ़ा लिखा है किंतु मूर्खता का कार्य करता है ।

(D) यद्यपि वह पढ़ा लिखा है तथापि मूर्खता का कार्य करता है ।

26. प्रेमचंद ने पर्याप्त मात्रा में कहानी और उपन्यास लिखे ।

(A) प्रेमचंद ने मात्रा पर्याप्त में कहानी और उपन्यास लिखे ।

(B) प्रेमचंद ने पर्याप्त संख्या में कहानी और उपन्यास लिखीं ।

(C) प्रेमचंद ने पर्याप्त संख्या में कहानी और उपन्यास लिखे ।

(D) प्रेमचंद ने पर्याप्त मात्रा में कहानी और उपन्यास लिखा ।

27. आपकी दही बहुत खट्टी है ।

(A) दही आपकी बहुत खट्टी है ।

(B) आपकी दही बड़ी खट्टी है ।

(C) आपका दही बहुत खट्टी है ।

(D) आपका दही बहुत खट्टा है ।

28. यह लोग कहाँ रहते हैं ?

(A) ये लोग कहाँ रहते हैं ?

(B) रहते हैं कहां यह लोग ?

(C) ये लोग रहते कहाँ हैं ?

(D) कहां रहते हैं ये लोग ?

29. श्याम की माँ भारी दु:खी है ।

(A) श्याम की माँ कुछ ज्यादा ही दुखी है ।

(B) श्याम की मां काफ़ी दु:खी हैं ।

(C) श्याम की माँ बहुत दु:खी है ।

(D) श्याम की माँ घनघोर दु:खी है ।

30. हमारे उपर पूज्यनीय पिताजी का आर्शीवाद है ।

(A) मेरे ऊपर पूजनीय पिताजी का आशीर्वाद है ।

(B) हमारे ऊपर पूजनीय पिताजी का आर्शिवाद है ।

(C) मेरे पर पूज्य पिताजी के आशीर्वाद हैं ।

(D) मेरे ऊपर पूज्यनीय पिताजी का आशीर्वाद है ।

**निर्देश (प्रश्न संख्या 31 से 35 तक) :** निम्नलिखित वाक्य या वाक्यांशों के लिए दिए गए चार विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प का चयन करके उत्तर पत्रक में चिह्नित कीजिए ।

31. किसी को जीतने की चाह

(A) जिगीषु

(B) जिजीविषु

(C) जिगीषा

(D) जिजीविषा

32. घृणा किये जाने योग्य

(A) निंदनीय

(B) घृणित

(C) घृणज

(D) घृण्य

**33.** इंद्रियों को वश में रखने वाला

(A) इंद्रजीत

(B) इंद्रियजित

(C) इंद्रियातीत

(D) इंद्रियानिग्रह

**34.** जिसे मोक्ष की कामना हो

(A) मुमूर्षा

(B) मुमुक्षू

(C) मुमूर्षु

(D) मुमुक्षु

**35.** जल में विचरने वाले जीव

(A) जलचर

(B) जलद

(C) जलकर

(D) जलज

**निर्देश (प्रश्न संख्या 36 से 40 तक) :** निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द दिए गए चार विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर उत्तर पत्रक में चिह्नित कीजिए ।

**36.** आकाश

(A) पाताल

(B) व्योम

(C) क्षितिज

(D) धरती

**37.** जारज

(A) विजाति

(B) संकर

(C) अजारज

(D) औरस

**38.** वीर

(A) कमज़ोर

(B) अवीर

(C) कायर

(D) डरपोक

29041177 29041177 29041177 29041177 29041177

**39.** निर्लज्ज

(A) शर्मीला

(B) सलज्ज

(C) संकोची

(D) लज्जावान

**40.** क्रोध

(A) क्षमा

(B) दया

(C) कृपा

(D) शांति

**निर्देश (प्रश्न संख्या 41 से 50 तक) :** निम्नलिखित काव्य पंक्तियों में रेखांकित शब्द से अर्थ की दृष्टि से सबसे उपयुक्त विकल्प वाले शब्द का चयन करके उत्तर पत्रक में चिह्नित कीजिए ।

**41.** जिसके अरुण-कपोलों की मतवाली सुंदर छाया में । अनुरागिनी उषा लेती थी निज सुहाग मधुमाया में

(A) विरहिणी सुबह

(B) संध्या वेला

(C) प्रेम भरी भोर

(D) प्रेम भरी गोधूली

**42.** भुजबल भूमि भूप बिनु कीन्ही ।
बिपुल बार महिदेवन्ह दीन्ही ।।

(A) संन्यासियों को

(B) क्षत्रियों को

(C) राक्षसों को

(D) ब्राह्मणों को

**43.** बादल, गरजो ! घेर-घेर घोर गगन,
धाराधर ओ !

(A) नीला

(B) आसमान

(C) जलद

(D) पवन

**44.** जौ खग हौं तो बसेरो करौं मिलि कालिंदी कूल
कदंब की डारन ।

(A) खानदान

(B) यमुना

(C) सम्पूर्ण

(D) तट

29041177

45. सुनहु राम जेहिं सिवधनु तोरा ।
सहसबाहु सम सो रिपु मोरा ।।

(A) शत्रु

(B) संबंधी

(C) मित्र

(D) लक्ष्य

46. फसल क्या है ?
लाख-लाख कोटि-कोटि हाथों के स्पर्श की गरिमा :

(A) करोड़ों

(B) शत-शत

(C) असंख्य

(D) हजारों

47. ऊधौ तुम तौ अति बड़भागी ।

(A) अभागा

(B) भगोड़ा

(C) मर्यादावान

(D) भाग्यवान

48. किस दावानल की ज्वालाएँ हैं दीखीं ? कोकिल बोलो तो !

(A) समुद्र की आग

(B) युद्ध की आग

(C) जंगल की आग

(D) पेट की आग

49. तुम मुझे पाए नहीं पहचान ?
देखते ही रहोगे अनिमेष !

(A) मुस्कुराकर देखना

(B) एकटक देखना

(C) लज्जापूर्वक देखना

(D) पलकें झुका कर देखना

50. अपरस रहत सनेह तगा तैं, नाहिन मन अनुरागी ।

(A) रसयुक्त

(B) अलिप्त

(C) बंधन

(D) लिप्त

29041177 29041177 29041177 29041177 29041177

रफ़ कार्य के लिए स्थान

29041177 29041177 29041177 29041177 29041177

रफ़ कार्य के लिए स्थान